निनाद ललित कला समिति
छिन्दवाडा

अध्यक्ष–आनंद बक्षी

जबलपुर एक्सप्रेस

जिले की विभूतियों का होगा सम्मान

गजल सम्राट अश्वनी आएंगे छिंदवाड़ा

निनाद ललित कला समिति द्वारा आयोजित होने वाली गीत गजल संध्या में इस बार गजल सम्राट अश्वनी छिंदवाड़ा आ रहे है इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय लालबहादुर शास्त्री स्कूल के प्रांगण में होगा...

छिंदवाड़ा (एक्सप्रेस)। निनाद ललित कला समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 28 फरवरी को स्थानीय लालबहादुर शास्त्री स्कूल में गीतगजल संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के मशहूर गजल गायक अश्वनी कुमार अपनी प्रस्तुति देंगे।इस संबंध में जानकारी

देते हुए समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में गजल गायक अश्वनी कुमार के साथ एसआर शिवलीकर (सितार), इकबाल अहमद(गिटार) और सतीष मिश्रा (तबला) वादक भी आ रहे है। श्री बक्षी ने बताया कि निनाद ललित कला समिति के इस गीत गजल संध्या कार्यक्रम में छिंदवाड़ा की माटी को अपनी कृतित्व शक्ति से गौरान्वित करने वाली विभूतियों का सम्मान होगा। वही स्व.श्री नजीरुद्दीन चचा की स्मृति में बाल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जायेगा। निनाद ललित कला समिति के आशीष त्रिपाठी, राशिद खान, हाजी नसीमुद्दीन खान, जेड अली, राजू निमाड़े, सुरेश डेहरिया सहित सभी सदस्यों ने संगीतप्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

इनका होगा सम्मान

नवीन दुग्गड़ - कैंसर रोगियो की सेवा करने के लिए

मेजर राकेश श्रीवास्तव - राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस प्रतिनिधित्व

डॉ.आरएच बग्गा - चिकित्सा और समाजसेवा करने के लिए

विस्मिता शाह - महिला उत्थान कार्यक्रम और दीनदुखियों की सेवा के लिए

शायर मो.युनूस - गज़ल लेखन और धार्मिक उर्दू शायरी के लिए

तरंगसिंह परिहार - मार्शल आर्ट में स्वर्णपदक मिलने पर